प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 19.07.2024

- **थाना शिवली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए जन्मदिन के कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग की घटना को कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद लाइसेन्सी बन्दूक 12 बोर व एक पारदर्शी डिब्बे में 15 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 18.07.2024 को थाना शिवली क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव में श्री विश्वनाथ वर्मा पुत्र मनुआ निवासी ग्राम बड़ागाँव थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के नाती के जन्मदिन के कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच की गयी तथा जांच से घटना की पुष्टि होने पर हर्ष फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त रफीक पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम नेवादा देवराय थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को मौके से दिनांक 18.07.2024 को मय 01 अदद लाइसेन्सी बन्दूक 12 बोर व एक पारदर्शी डिब्बे में 15 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शिवली पर मु0अ0सं0-229/24 धारा 30/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. रफीक पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम नेवादा देवराय थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास—

1. मु0अ0सं0 229/2024 धारा 30/27 आर्म्स एक्ट थाना शिवली कानपुर देहात।

बरामदगी-

1. 01 अदद लाइसेन्सी बन्दूक 12 बोर।
2. एक पारदर्शी डिब्बे में 15 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर।

गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री गुरेन्द्र प्रताप सिंह
2. हे0का0 93 बृजेश कुमार
3. का0 1138 बृजमोहन
4. का0 1074 अंकित मिश्रा
5. पीआरवी 5746 के कर्मचारीगण
6. हे0का0 239 मुकेश कुमार
7. हे0का0 56 धीरज